आइआइएम रांची में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन पांच और छह जनवरी को

लाइफ रिपोर्टर @ रांची

- देशभर से शिक्षाविद और रिसर्च स्कॉलर का होगा जुटान
- 15 अक्तूबर तक तय विषय पर जमा करना होगा पेपर

आइआइएम रांची और रेखी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर द साइंस ऑफ़ हैप्पीनेस की ओर से हैप्पीनेस का अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जायेगा. दो दिवसीय सम्मेलन कॉलेज परिसर में पांच और छह जनवरी 2024 को होगा. इसका उद्देश्य लोगों के जीवन में प्रोफेशनल दिनचर्या के बीच खुशी को बढ़ावा देना है. साथ ही लोगों को खुश करने के नये प्रयोग और इसके पीछे के विज्ञान पर चर्चा होगी. इसमें देशभर से शिक्षाविद, रिसर्च स्कॉलर, विद्यार्थी, चिकित्सक और विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ शामिल होंगे. इस दौरान खुशी और कल्याण की गहरी समझ को बढ़ावा देना की पहल की जायेगी. सम्मेलन में पेपर प्रेजेंटेशन के लिए आवेदन आमंत्रित किये गये हैं. शिक्षाविद व शोधार्थी पांच विषय- साइंस ऑफ हैप्पीनेश, हैप्पीनेश इन वर्कप्लेस, लाइफस्टाइल एंड हैप्पीनेश, कंज्यूमर हैप्पीनेश और टेक्नोलॉजी एंड हैप्पीनेश में से किसी एक विषय पर अपना पेपर जमा कर सकेंगे. चिह्नित विषयों पर प्रतिभागियों को पेपर का सारांश 15 अक्तूबर तक जमा करना होगा. विषय की गंभीरता के आधार पर चिह्नित प्रतिभागियों की घोषणा एक से 10 नवंबर तक कर दी जायेगी. इसके बाद अभ्यर्थी को 11 नवंबर से 10 दिसंबर तक पेपर जमा करना होगा. सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है.

Prabhat Khabar, 09.08.2023, Pg. 6